an>

Title: Need to commence a new train from Jabalpur to Kolkatta via Bilaspur.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जबलपुर न सिर्फ पूर्वी मध्य प्रदेश, बल्कि महाकौशल का एक प्रमुख केन्द्र है, जो पर्यटन का एक प्रमुख केन्द्र होने के साथ-साथ आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों का भी एक बड़ा केन्द्र है। वहां पर डिफेंस की पांच बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी हैं और इसलिए जबलपुर एक कॉस्मोपॉलिटन सिटी के रूप में जाना जाता है। वहां पर बंग भाषी भी बहुत बड़ी संख्या में निवास करते हैं। उनकी लम्बे समय से मांग है कि जबलपुर से कोलकाता के लिए वाया बिलासपुर एक ट्रेन उन्हें उपलब्ध करायी जाए, जो लम्बे समय से मांग होने के बावजूद भी अभी तक स्वीकृत नहीं हो सकी है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से मांग है कि सरकार उसे स्वीकृत करे।

महोदय, जबलपुर में बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबी भी हैं, जो अपनी आस्था और श्रद्धा के केन्द्र अमृतसर से जुड़ना चाहते हैं। उनकी भी लम्बे समय से मांग है कि जबलपुर से अमृतसर तक एक ट्रेन उन्हें मिले।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि अगर अमृतसर के लिए अभी कोई सीधी ट्रेन नहीं दे सकते, तो महाकौशल ट्रेन को ही तात्कालिक रूप से बढ़ाकर उसे अमृतसर तक किया जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Rakesh Singh.